दिन–गुरूवार दिनांक– 08 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल से शुरू होकर तीस सितंबर तक चलेगा। इस चरण में घरों की गिनती की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में तीस दिन की अवधि निर्धारित होगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इस अवधि के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से पन्द्रह दिन पहले तक लोगों को खुद भी यह जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध होगी। जनगणना के दूसरे चरण के तहत फरवरी दो हजार सत्ताईस में जनसंख्या की गणना होगी।

————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के दो नवनियुक्त न्यायाधीश रितेश कुमार और प्रवीण कुमार ने आज शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने दोनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

————————————————————

बिहार के चार व्यवहार न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल के जरिए दी गयी धमकी में पटना सिविल कोर्ट, पटना सिटी कोर्ट, किशगनंज सिविल कोर्ट और गयाजी सिविल कोर्ट को बम को उड़ाने की धमकी दी गयी है। कथित रूप से एलटीटीई के सदस्य अरूण कुमार द्वारा भेजे गए इस मेल में कहा गया है कि कोर्ट परिसर में आरडीएक्स प्लांट किये गये हैं और रिमोट के जरिए विस्फोट किया जाएगा। इधर, धमकी के बाद सभी व्यवहार न्यायालय परिसर में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। कोर्ट परिसरों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सात फरवरी को बिहार विधानसभा भवन के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे विधायकों को संबोधित

करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि प्रबोधन कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं, छपरा, वाल्मीकिनगर और दरभंगा में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। आज गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण—पूर्व हिस्सों में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के उत्तरी हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहने का पूर्वानुमान है।

————————————————————————

उर्दू निदेशालय की ओर से आज पटना में उर्दू अधिगम प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफलतापूर्वक उर्दू सीखने वाले पांच राज्यों के छिहत्तर प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

————————————————————————

बांका जिले के पंजवारा थाना क्षेत्र के संकट मोचन चौक के पास ड्यूटी पर तैनात एसआई पुरेन्द्र सिंह को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एसआई की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र वर्मा ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। जांच में यह बात सामने आई है कि चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

————————————————————————

इधर, बक्सर जिले के नवानगर स्थित करसर गांव में दो ट्रकों के बीच हुई आमने—सामने की टक्कर में एक ड्राइवर और एक खलासी की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, पटना के मनेर में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————

भागलपुर जिले के कहलगांव के ओगरी, लगमा और वंशीपुर पंचायत के कृषि समन्वयकों को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी की टीम ने नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।